तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार, 14 दिसंबर 2024

12 ठेकेदार ने समतलीकरण के नाम पर मुरुम...



12 विधायक ने नयापारा दुर्गा मंदिर में टिन शेड निर्माण...





## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती पर मद्य निषेध दिवस 18 को



**कांकेर।** समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 18 दिसम्बर बाबा गुरू घासीदास जयंती को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मद्य निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारतमाता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नशामुक्ति कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता विकसित किया जाएगा।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि धमतरी निवासी नमन चौहान का ईलाज के दौरान 11 दिसंबर को मौत हो गया। थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में ईलाज के दौरान 38 वर्षीय राधिका गोटा का ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। ईलाज के दौरान 11 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पात्र-अपात्र की सूची जारी दावा-आपत्ति 23 तक

**कांकेर।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विकासखण्ड दुर्गूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा एवं नरहरपुर में संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालयों में महिला अभ्यर्थियों से आवेदन बुलाए गए थे। महिला अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र की सूची जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। इसके अलावा जिले की विभागीय वेबसाइट अपलोड की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। जिला मिशन समन्वयक ने समग्र शिक्षा ने बताया कि अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति 23 दिसम्बर तक कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा के कक्ष क्रमांक 26 में किया जा सकता है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम पड़गांव की 8 वर्षीय प्रीति दुग्गा की आग में जलने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित सुरेश कुमार दुग्गा और हिराय बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में 14 दिसंबर को नव युवक-युवती समिति दुर्गुकोंदल के तत्वधान में राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने बताया कि यह कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय में पहली बार हो रहा हैं, जिसमे क्षेत्र के समस्त जनपद प्रतिनिधि, सरपंच, व्यापारी संघ, समस्त माइंस, परिवहन संघ, समस्त ट्रांसपोटर के सहयोग मिला है।

**विडंबना : जिलेभर के केंद्रों में शुक्रवार को नहीं खरीदा गया धान, किसान हो रहे परेशान**

# परिवहन ठप, हड़ताल से धान खरीद बंद आक्रोश में किसानों ने किया चक्काजाम

धान खरीदी केंद्रों में बपर मात्रा जाम, जगह संकट से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/सरोना/भानुप्रतापपुर/ चारामा



धान का उठाव नहीं होने और कंप्यूटर आपरेटर के हड़ताल में जाने से कांकेर जिले के अधिकतम धान खरीदी केंद्रो पर 13 दिसंबर शुक्रवार को धान की खरीदी नहीं हो पाई। धान की खरीदी नहीं होने से किसान परेशान हो गए है। कई जगह किसानों ने चक्काजाम कर दिया, वहीं किसान धान बेचने को लेकर बेहद परेशान हो गए है।

- कंप्यूटर आपरेटरों की हड़ताल में जाने से सभी काम हो गए ठप
- धान खरीदी केंद्रों की हालात खराब, प्रभारी हो रहे हैं परेशान

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना के अंतर्गत आने वाले गांव के किसान 13 दिसंबर को धान लेकर खरीदी केंद्रो पर पहुँचे थे परंतु धान के उठाव नहीं होने के चलते एवं खरीदी केंद्र में जगह नहीं होने कारण धान नहीं बेच पाए, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसान आर्थिक और मानसिक रूप से तनाव में हैं। खरीदी केंद्र पर बोझ बढ़ने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। किसान उम्मीद कर रहे थे कि इस साल उनकी मेहनत का अच्छा मूल्य मिलेगा, लेकिन अब उन्हें समय पर भुगतान भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने ▶▶शेष पेज 10 पर

### आपरेटरों की हड़ताल से किसान परेशान



*भानुप्रतापपुर । विकासखंड भानुप्रतापपुर के अधिकतम धान खरीदी केंद्रों में गुरुवार को खरीदी नहीं हुई । खरीदी प्रभारियों ने बताया कि खरीदी केंद्रो के कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर चले जाने से खरीदी बंद हुई है, जिससे किसान बेहद परेशान है। भानुप्रतापपुर क्षेत्र में किसान धान बेचने के लिए मशक्कत कर रहे है वहीं दिन ब दिन उनकी मुसीबत बढ़ती ही जा रही है । धान खरीदी केंद्रों में जैसे तैसे व्यवस्थाएं पूरी होने लगी, तो अब कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी तीन माँगो को लेकर हड़ताल पर चले गए है । सुबह से आए किसान दिनभर इसी आस में बैठे रहे कि उनका धान बिक जाएगा और वापिस अपने गाँव जा सकेंगे, परंतु शाम तक इस क्षेत्र के किसी भी धान खरीदी केंद्र मे धान की खरीदी नहीं हुई। किसान धान खरीदी केंद्र में धान लाता है और खरीदी नहीं होने पर उसको आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।*



### चारामा में धान खरीदी हुई ठप

**चारामा।** धान खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। इससे धान खरीदी का काम पूरी तरह से ठप्प हो गया है। कंप्यूटर आपरेटरों के हड़ताल का मुख्य कारण खाद्य विभाग में संविलियन, वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि और स्थायी रोजगार की गारंटी जैसी मांगें हैं। धान खरीदी को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है और इसमें कंप्यूटर ऑपरेटरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑपरेटर न केवल किसानों को टोकन जारी करने में मदद करते हैं, बल्कि बायोमेट्रिक सत्यापन और जीपीएस आधारित धान उठाव जैसे कार्य भी करते हैं। उनकी अनुपस्थिति में किसानों को टोकन प्राप्त करने और धान बेचने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेटरों की गैर मौजूदगी में टोकन और बायोमेट्रिक सत्यापन का काम रुक गया है। कई किसानों को मोबाइल पर टोकन लेने में कठिनाई हो रही है, वहीं धान लेकर आए किसानों का सत्यापन न हो पाने से उन्हें वापिस लौटना पड़ रहा है।



## कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के एक साल की नाकामियों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रदेश में भाजपा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांगेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कामेटी द्वारा भाजपा के एक साल का विफल कार्यकाल और प्रदेश में नाकाम हो चुकी कानून व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों से आम जनता के बेहाल स्थिति और छत्तीसगढ़ ▶▶शेष पेज 10 पर

## आरईएस के एसडीओ के खिलाफ सरपंच जनपद सदस्य व सचिवों ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में 13 दिसंबर को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर क्षेत्र के सभी सरपंच, जनपद सदस्य और ग्राम सचिवों ने आरईएस यानी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक दिवसीय धरने पर बैठकर आक्रोश जाहिर किया। पंचायत प्रतिनिधि लगातार आरईएस के एसडीओं की शिकायत करते आ रहे है, परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है।

विगत कुछ दिनों से सरपंचों और जनपद सदस्यों ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ से तनातानी हो गई है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी एसडीओ के द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है और उनके द्वारा धमकी भी दी जा रही है। उच्च अधिकारियों से जांच कराया जाएगा। सरपंच संघ का कहना है कि भुगतान में काफी देरी हो रही है, जिससे हमारे द्वारा भुगतान न होने के अभाव में ▶▶शेष पेज 10 पर

## विश्वविद्यालय स्तरीय महिला हेंडबाल में बस्तर स्टेट चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में महिला हेंण्डबाल की प्रतियोगिता में बस्तर सेक्टर ने पिछले विजेता रायपुर सेक्टर को रोमांचक मुकाबले में हराते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, रायगढ, बिलासपुर, सरगुजा, राजनांदगांव, जांजगीर चांपा, कोरबा और बलोदाबाजार की टीमों ने भी हिस्सा लिया था। विजेताओं को पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने पुरूस्कृत किया।

- दुर्ग, रायगढ, बिलासपुर, सरगुजा, राजनांदगांव, जांजगीर चांपा, कोरबा और बलोदाबाजार की टीमों लिया भाग

विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित महिला हेंण्डबाल प्रतियोगिता करने की मेजबानी शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय को मिला था। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक आशाराम नेताम ने किया था, वहीं समापन में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पूर्व विधायक ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता कराने का मौका शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय को मिला, यह बड़ी बात है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों को सेक्टर बनाकर टीमों को बनाया गया था और तीन दिवसीय प्रतियोगिता चली। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में बस्तर ने महानगरों की टीमों को पराजित कर विजेता बनी, इससे बस्तरवासियों का मान बढ़ा है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, जीत व हार लगी रहती है। हारनें वालों को फिर से मेहनत करने का मौका मिलता है, जिससे आने वाले समय जीत हासिल कर सके, हार से ही सीख का मौका मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेके बारले ने कहा कि विजेता टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और पराजित टीमों को अगले वर्ष और बेहतर प्रयास करने को कहा।

समापन समारोह की शुरूआत में मेघा साहू, अंजलि नाग, मोनिका बघेल, वैशाली सलाम, मतिला उइके, परमेश्वरी यादव, भुनेश्वरी मरकाम, खिलेश्वरी वटटी, ईश्वरी वट्टी, मानसी सिन्हा, शिवारनी विश्वकर्मा, दीपिका नेताम, कविता मंडावी, अनामिका सलाम, करिश्मा हिचामी, अंजू कांगे, मानसी सिन्हा, कूमेश्वरी यादव आदि के द्वारा छत्तीसगढी थीम पर आधारित एक सुन्दर नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रेक्षक के रूप में डॉ. बीएस राव उच्च शिक्षा विभाग की ओर से शामिल हुए। इस अवसर पर प्रोफेसर बी.समुन्द, सुनील साहू, मनोज कुमार, योगराज साहू, रश्मि नाग, रीना जामुनकर, आरती मरकाम, किशोर कुमार, दीप्ति सोनी, डॉ. तरन्नुम, डॉ. माहेनूर सैयदा, कृष्णा ▶▶शेष पेज 10 पर

## शहर और आसपास के तीन सड़क हादसे में कई घायल, उपचार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर शहर व आसपास क्षेत्र में तीन सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए, जिनको ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाचार लिखे जाने तक किसी भी मामले में कांकेर थाना में अपराध दर्ज नहीं कराया गया।

जानकारी के अनुसार स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीजे 5436 का चालक 13 दिसंबर को सायं लगभग साढ़े 4 बजे कांकेर शहर से सरंगपाल की ओर जा रहा था। डुमाली मोड़ के पहले चालक की स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्कूटी सहित गिरे स्कूटी चालक स्कूटी के नीचे दबा हुआ था, जिसे राहगीरों ने उठाया, परंतु स्कूटी चालक के नाक से खून निकल रहा था। राहगीरों ने कांकेर थाना व यातायात को खबर किया, परंतु बहुत देर तक न तो संजीवनी ▶▶शेष पेज 10 पर




## कुरना के विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कुरना में प्रधानाध्यापक जीवन लाल कुंजाम ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 13 दिसंबर को स्कूल के छात्र छात्राओं को न्योता भोजन करवाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अन्नू लाल जुर्री, पालक गण एवं स्टाफ सदस्य गैंदलाल सलाम, निर्मला कोर्राम, हेमलता गंगबेर, भगवती साहू, दिव्येंदु मंडल तथा अखिलेश कुमार नामदेव उपस्थित रहे।

**जिपं में 19 दिसंबर से आरक्षित क्षेत्र पद की सूची जारी की जाएगी**

# जिपं सदस्य, जनपद अध्यक्ष व पंचायत के वार्डों के आरक्षण की घोषणा, तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को एक साथ कराने का जो निर्णय लिया है, उसी के तहत नगरीय निकाय के आरक्षण के साथ-साथ पंचायत के आरक्षण का ऐलान हो गया है, जिसकी तैयारी में पंचायत विभाग जुटा हुआ है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिला पंचायत के 11 जिला पंचायत क्षेत्र में चुनाव होना है और उसके आरक्षण की प्रकिया जिला पंचायत में 19 दिसंबर प्रातः 11 बजे से होगा और इस दिन तय हो जाएगा कि कौन सा क्षेत्र किसके लिए आरक्षित हुआ है। इस दिन के बाद से संभावित दावेदार अपने आकाओं के पास दौड़ लगाना शुरू कर देंगे। इसके पहले जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा क्षेत्र के सरपंच, पंच पदों का आरक्षण होगा, उसके उपरांत जनपद सदस्य का आरक्षण होगा। यह तय है कि पंचायत चुनाव लड़ने वालों की चिंताए बढ़ गई है और जिनके द्वारा ▶▶शेष पेज 10 पर

### एसडीएम को बनाया गया प्राधिकृत अधिकारी

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु पंचायतों के पदाधिकारियों जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में और जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को संबंधित अनुभाग अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायतों के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ओलेख भवन लोकार्पण समारोह हुआ स्थगित

**जगदलपुर।** संभागीय धुरवा समाज का नवनिर्मित भवन तेतरकुटी जगदलपुर में 15 दिसंबर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर कमलों से लोकार्पण किया जाना था, पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर ओलंपिक खेल में जगदलपुर आने के कारण संभागीय धुरवा समाज का नवनिर्मित भवन ओलेख का लोकार्पण स्थगित की गई है। उक्त जानकारी समाज के संभागीय महासचिव डॉ. गंगाराम कश्यप ने दी।

### दंतेश्वर प्रसंस्करण का वार्षिक सम्मेलन हुआ

**कोण्डागांव।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना जिसमें कोण्डागांव जिले में माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्या., कोण्डागांव द्वारा 80 केएलपीडी क्षमता के इथेनॉल संयंत्र की स्थापना की जा रही है। जिसका 11 दिसम्बर को वार्षिक साधारण सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस संस्था में 45000 किसान अंशधारक सदस्य हैं। वार्षिक साधारण सम्मेलन में संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गये। संस्था के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा किसानों को शीघ्र ही तकनीकी एवं वैधानिक लाइसेंस की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात मक्का खरीदी एवं कारखाना प्रारंभ किए जाने का आश्वासन दिया गया। वार्षिक साधारण सम्मेलन में संस्था के महाप्रबंधक सत्यनारायण शुक्ल एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अंशधारक किसान उपस्थित रहे।

### अग्रसेन भवन में ध्यान साधना शिविर 22 से

**जगदलपुर।** शहर के अग्रेसन भवन में 22 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच विपश्यना ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह 10 दिवसीय आवासीय अस्थाई शिविर होगा। आचार्य डॉ. शरद मार्तण्ड बडोले ने बताया कि विपश्यना ध्यान साधना विधि के दैनिक जीवन में कई लाभ है जैसे मानसिक विकारों राग, द्वेष, मोह, भय, अहंकार आदि से मुक्ति, दुख मुक्ति, मन की वास्तविक शांति, पल-प्रतिपल सत्य दर्शन, मानसिक तनावों से मुक्ति, चरित्र निर्माण मन पर नियंत्रण आत्म दर्शन, अंधभक्ति से छुटकारा, सर्वमंगल आदि। शिविर में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष से अधिक के पुरुष एवं महिलाएं पात्र हैं।

### निर्वाचन के लिए पदों की आरक्षण कार्रवाई 17 से

**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के आम निर्वाचन के लिए जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य की आरक्षण एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन-आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसम्बर को कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से होगी। वहीं ग्राम पंचायतों के वार्डों के आरक्षण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच और पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन-आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसम्बर को संबंधित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से चक्रानुक्रम एवं लॉट के माध्यम से आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

---

### 200 किसानों ने लगाया था करीब 1200 क्विंटल अमानक विगर चंचल बीज

# घटिया धान बीज बेचने पर बायोटेक कंपनी का छत्तीसगढ़ हेड बंश बहादुर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव



खराब धान बीज के मामले में फरसगांव पुलिस का बड़ा खुलासा किया है, फरसगांव थाना पुलिस ने विगर बायोटेक कंपनी के छत्तीसगढ़ राज्य के हेड आरोपी बंश बहादुर मानिकपुरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

■ प्रति एकड़ 40-45 क्विंटल धान उत्पादन की दी गारंटी पर किसानी पूरी तरह हुई फेल

मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना फरसगांव में दिनांक 15 नवंबर को प्रार्थी गोकुल प्रधान निवासी रांधना के द्वारा लिखित शिकायत दिया गया था जिसमें शंकर कृषि केन्द्र रांधना के मालिक रमापति पाठक संचालक उमाशंकर पाठक तथा विगर बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड के मालिक एवं एमडी, जीएम, सभी के द्वारा ज्यादा धान पैदावार होगा कहकर छल करते हुए बेईमानी पूर्वक खराब यान को असली बताकर धोखा करने के संबंध में बताया था, जो धान बीज बेचते समय बताए थे कि विगर चंचल हाईब्रिड ओरिजिनल धान बीज को खदीद कर लगाने से प्रति एकड़ 40-45 क्विंटल धान की उपज आएगी एवं कीडा भी नहीं लगेगा जिसकी गारण्टी हम देते है एवं फोन पर कंपनी के स्टेट हेड एमडी से बात कराकर हमें आश्वस्त भी कराया गया था।

#### धान की बाली टूटती रही

बहकावे में आकर करीब 200 किसान लगभग 1200 पैकेट विगर चंचल हाइब्रिड धान को अपने खेतों में लगाए लेकिन धान के अंतिम पकने के समय धान बाली गल्ले के पास सूख कर सभी धान टूट गया जिससे कृषि विभाग को सूचित करने पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ उक्त नुकसान का मौके पर जाँच कर रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया गया। व्यक्तिगत रूप से प्राथी गोकुल प्रधान को 03 लाख 80 हजार रूपये का नुकसान हुआ एवं अन्य किसानों को भी उक्त धान फसल लगाने से भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा उक्त लिखित शिकायत पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 159/2024 धारा 420,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। कोण्डागांव जिले के किसानों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए मामला गंभीर होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में 02 अलग-अलग टीमें दीगर राज्य रवाना हुई थी जिस पर विगर बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड के छत्तीसगढ़ राज्य के स्टेट हेड आरोपी बंश बहादुर मानिकपुरी पिता दशरथ राम मानिकपुरी उम्र 39 वर्ष निवासी बिहारपुर थाना जयनगर जिला सुरजपुर छ.ग को टीम उचित वैधानिक कार्यवाही के तहतु आज दिनांक 13 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रही है तथा अन्य आरोपियों को पतासाजी की जा रही है तथा दीगर राज्यों में अभी कोण्डागांव पुलिस टीम दबिश दे रही है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि पिताम्बर कठार, प्र.आर पनव मण्डावी थाना बडेडोंगर, कन्हैयालाल बजरंगी, प्रेमप्रकाश वैध आरक्षक धनीराम सलाम आरक्षक मनोज कुमार पोयाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर की विविध प्रतियोगिताएं





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर कोण्डागांव जिले के महात्मा गांधी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला हेल्पलाइन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नशे की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाने के लिए नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी दी गई।

महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया इसके साथ ही कुर्सी दौड़ का किया गया आयोजन – कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। इसके साथ ही कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया और सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव का शपथ भी लिया गया। इस शपथ के माध्यम से स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया और इसके निवारण के लिए सभी ने मिलकर प्रयास करने की प्रतिज्ञा की।

**मौजूद रहे ये** – इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती ललीता लकरा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी, संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख गजेन्द्र पटेल, मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, माधुरी उसेण्डी बाल देखरेख संस्था और चाईल्डलाइन 1098 की टीम ने भी भाग लिया।

---

# जोंदरापदर शाला में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

बहुभाषी विद्वान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में किया गया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने में भाष की भूमिका को रेखांकित करने ,प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों में मातृभाषा के प्रति गर्व पैदा करने, एवं सीखने के प्रति उत्साह पैदा करने, एकता अखंडता लोक कला संस्कृति एक भाषा की विरासत को संरक्षित करने भारत भाष दिवस पर बच्चों को अपनी मातृभाषा के साथ साथ अन्य भारतीय भाष सीखने पर जोर दिया राष्ट्रीय एकता में बहुभाषा शिक्षण का महत्व समझाया नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुभाषी कहानियो का हिंदी हल्बी छत्तीसगढ़ी में अनुकरण वाचन किया। बच्चों ने अपनी लोक संस्कृति, नृत्य पाराम्परिक वेशभूषा के बारे में जाना। साथ ही हल्बी, छत्तीसगढ़ी में गीत, कबिता प्रस्तुत कर भाषा उत्सव उत्साह के साथ मनाया।

---

### जनपद व पंचायतों में आरक्षण की कार्रवाई 17 व 19 को की जाएगी

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान एवं विभागीय अनुदेश एवं निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है। जिले के ग्राम पंचायत के वार्ड, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्यों का आरक्षण किया जाना है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए वार्ड और पदों का आरक्षण की कार्यवाही 17 से 19 दिसंबर के बीच किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इसके लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

17 दिसंबर को सरपंच, वार्ड पंचों का आरक्षण किया जाएगा जबकि 19 दिसंबर को जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पदों का आरक्षण होगा। जिले के जनपद पंचायत कोण्डागांव, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर के सभा कक्ष में 17 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से आरक्षण प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पदों के आरक्षण के लिए नियमानुसार कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 19 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से होगी।

---

# बड़ेबेंदरी स्कूल में केबीसी की तर्ज पर क्विज प्रतियोगिता में अरविंद एवं विशाखा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंदरी में केबीसी के तर्ज पर सुशासन दिवस पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण में एवं ठ या ख या ता अंकित गुप्ता के सफल नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर सुशासन पर आ धा रि त क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल प्रणाली का उपयोग करते हुए केबीसी के तर्ज पर कराया गया। ज्ञात होती शासन के निर्देशअनुसार सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। विद्यालय के

■ सभी 12 प्रश्नों के सही जवाब देकर किया लाजवाब



शिक्षक अंकित गुप्ता ने बताया कि पहले विद्यालय स्तर पर मौखिक परीक्षा की गई उसमें चयनित सर्वश्रेष्ठ दो विद्यार्थी अरविंद कोरार्म एवं विशाखा पटेल के साथ प्रतियोगिता आयोजित की गई। किस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा 12 प्रश्नों का लगातार सही जवाब दिया गया। इस प्रतियोगिता में शासन की योजना एवं पिछले एक वर्ष की गतिविधि से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

इनका रहा योगदान – इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अली बख्श शेख, सरिता मांझी, कुंती नेताम, खोगेंद्र प्रकाश नाग, निर्मल कुमार सिन्हा, तिलकराम मांडवी, उत्तरा साहू, राजकुमार तिग्गा, कल्पना पैकरा, रूपाली शुक्ला, शोभीराम नेताम, वंदन भोय एवं विद्यालयीन कर्मचारी अमजद पोयम ,दीपक ध्रुव ,भुनेश्वर सूर्यवंशी ने अपना योगदान प्रदान किया।

---

# सुशासन दिवस पर छात्राओं ने निकाली साइकिल रैली

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में विकास और सुशासन के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है।

आज सरकार के गठन को एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में शासकीय शहिद वेंकट राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर निकाली गई साइकिल रैली।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें सुशासन दिवस पर संगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सुशासन पर स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।




---

### एनएमडीसी के भेदभाव की नीति से बैलाडीला में ट्रकों के पहिए थमे

**बचेली।** राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी के भेदभाव की नीति के कारण बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के ट्रक मालिकों के जीवन यापन पर संकट आ गया है। ट्रकों के पहिये थम गए है। एनएमडीसी निगम के द्वारा प्रति टन 800 रुपए लौह अस्यक का मूल्य बढ़ाने के कारण स्पंज आयरन उद्योग के द्वारा निगम से माल नहीं खरीदा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष 10 मिलियन टन लौह अस्यक की आवश्यकता है। एनएमडीसी के रवैये के कारण उद्योग बर्बादी के कगार पर है। अधिक कीमत पर घटिया किस्म का माल दिया जा रहा है। इस कारण उद्यमियों ने अनिश्चितकालीन माल लेने से मना कर दिया है। जल्द ही आंदोलन की तिथिओं की घोषणा करेंगी और रायपुर स्थित एनएमडीसी के मुख्यालय का घेराव करेंगी। बचेली बैलाडीला से इन्ही उद्योगों में लौह अस्यक का परिवहन करने किस्त पर कई मालिकों दवारा ट्रकों का क्रय किया गया है, इनकी रोजी रोटी का स्रोत यही है साथ ही इन्हे गाड़ी का किश्त भी पटाना है, इनके साथ ट्रक चालकों हेल्परों का भी रोजी रोटी का एक मात्र साधन यही है, इन उद्योगों के बंद होने से या हड़ताल की स्थिति में इनके जीवन यापन पर विकट समस्या आ जायगी।

---

# विकास पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने होने पर सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम पर दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी जिले के हृदय स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सामने लगाई गई।

छत्तीसगढ़ शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन से बने सफलता की कहानी पर आधारित एवं विभिन्न योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार के लिए लगाई गई है जिसे लोगो द्वारा उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन किया जा रहा है।

जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन, मासिक पत्रिका सहित खुशियों का नोटिफिकेशन, उदित छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रकार के प्रकाशन सामग्री, ब्रोसर एवं पांपलेट निःशुल्क वितरित की जा रही है।

---

# भाजपा सरकार की विफलता पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




बस्तर जिला कांग्रेस शहर, ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार की एक साल की विफलता को लेकर संजय बाजार चौक पर हाथों पर तख्ती लिए विरोध प्रदर्शन किया गया। मौर्य ने कहा भाजपा सरकार अपने एक साल पूरे होने का कैसा जनादेश जश्न मना रही है इस सरकार के खिलाफ दिव्यांगजन आंदोलन करने को मजबूर हो गये हैं। 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। कई जनकल्याणकारी योजनाओ को सरकार ने बंद कर दिया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बंद हो गयी, बिजली के दाम बढ़ गये।भाजपा की विष्णुदेव सरकार सालभर में ही विफल साबित हो चुकी है। रेखचंद ने बताया भाजपा सरकार हमने बनाया है हम ही संवारेंगे का कार्य नहीं बल्कि हमने बनाया है हम ही बिगाड़ेंगे का नारा बुलंद कर रही है। इस सरकार बस्तर समेत पूरे प्रदेश को अपराध की ओर झोंक दिया है। एक साल में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का ही कार्य किया है न कि रोकने का। अपने वादों के अनुरूप किसानों को एक मुश्त पैसा 3100 व केंद सरकार द्वारा जारी 117 सहित 3217 रुपए देना छोड़ उनके साथ छल करने का कार्य इस भाजपा की सरकार ने किया है। इस दौरान रामशंकर राव, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, एम वेंकट राव, कविता साहू, राजेश राय, अमर सिंह, सुखराम नाग, कमलेश पाठक, सुषमा दास, नोयल पुरुषोत्तम, सुषमा सुता, महेश द्विवेदी, अजय बिसाई समेत अन्य मौजूद रहे।

---

## पेज 9 के शेष...

### परिवहन ठप, हड़ताल...

अपने खेतों में कड़ी मेहनत की थी, लेकिन अब धान बेचने में हो रही रुकावट के कारण उनका मुनाफा प्रभावित हो रहा है। उन्हें लगातार खरीदी केंद्र पर जाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है और कई बार तो घंटों इंतजार करने के बावजूद धान की खरीदी नहीं हो रही। एक किसान ने बताया हमारे पास केवल सीमित समय है, हमें अपनी फसल बेचकर पैसे की जरूरत है, लेकिन यहां धान की खरीदी में कोई स्पष्टता नहीं है। किसानों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि धान खरीदी की प्रक्रिया को तेज किया जाए और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। किसानों ने यह भी कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो उन्हें और भी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### कांग्रेसियों ने भाजपा...

प्रदेश की बदहाल हालात को स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित कर कांग्रेसियों ने पुराने बस स्टैण्ड से लेकर मुख्यमार्ग मस्जिद चौक तक पैदल चलकर भाजपा सरकार की नाकामियों को आमजनता को बताया। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे हो रहे है, किन्तु प्रदेश की जनता इस सरकार से खुश नहीं है। आम जनता के सामने बदहाल स्थिति निर्मित हो गई है। किसान, युवा व व्यापारी सभी परेशान है। भाजपा सरकार की अपनी कोई उपलब्धि जनता के बीच नजर नहीं आ रही है। कांग्रेस सरकार में स्वीकृत कार्य के अलावा नवीन कार्ययोजना के लिए इस सरकार ने अभी तक कोई प्रयास नहीं किया है, वहीं कानून व्यवस्था पूरी तरह से धराशाही हो चुकी है। राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। युवाओं के पास रोजगार नही है और प्रदेश में महिलाए सुरक्षित नहीं है। प्रदर्शन में जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नितिन पोटाई, जनकनंदन कश्यप, हेमंत ध्रुव, मकबूल खान, तरेन्द्र भण्डारी, नरेन्द्र यादव, गफ्फार मेमन, गोमती सलाम, रोमनाथ जैन, अजय रेनू, सुनील बबला पाढ़ी, मनीष योगी, दीपक शोरी, राजेश भास्कर, मतीन खान, मिथलेश शोरी, मुकेश तिवारी, सुमित राय, अमित साहू, लोमेंद्र यादव, सरजू शोरी, सोमेश सोनी सहित कांग्रेसीजन शामिल रहे।

### आरईएस के एसडीओ...

व्यापारियों का भुगतान नहीं हो पा रहा है, वहीं व्यापारी लगातार तकादा करते रहते है। सरपंच संघ का कहना है कि इस समस्या को लेकर इसके पहले एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा जा चुका था और उसके बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर शुक्रवार 13 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया है। सरपंच संघ व अन्य जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इसके बाद भी ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के एसडीओ पर कार्यवाही नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम को जो ज्ञापन सौंपा था, उसमें लेनदेन का भी आरोप लगाया गया था। धरना प्रदर्शन में उपस्थित भानुप्रतापपुर क्षेत्र के सभी सरपंच, जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य और सभी सचिवों का कहना है कि एक दिवसीय प्रदर्शन के बाद भी एसडीओ पर किसी भी तरह की कार्यवाहीं नहीं होती है तो हम लोगों को आने वाले समय में उग्र आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

### विश्वविद्यालय स्तरीय...

नाग, राजकुमारी गढ़पाले, संतोषी दीवान, हिमांशी कावडे, शिवलाल, विमला नाग, इसके अलावा विभिन्न महाविद्यालयों से पहुँचे क्रीड़ा अधिकारी अमृतलाल चौधरी, एस केरकेट्टा, एचआर यदु, सत्यनारायण सोनंत, चेतन श्रीवास, मनीष टोप्पो, सुनील देव जोशी, पालन दीवान, रघुवर सिंह ध्रुव, नीरज पटेल, अमित सिंह मरकाम, सुधीर सोवानी, कोममल प्रसाद साहू, खेलन प्रसाद मोहले, दिलीप लहरे उपस्थित रहे। मंच संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी महेन्द्र रजक और महाविद्यालय के ग्रंथपाल गुणवान सिंह जांगडे ने किया।

### जिपं सदस्य, जनपद...

पांच साल में तैयारी किया गया है, वो आरक्षण को लेकर चिंतित नजर आने लगें है। जिला पंचायत सदस्य के लिए बहुत से उम्मीदवारों के द्वारा दावेदारी किए जाने की संभावना है और उनके द्वारा गुणा भाग शुरू कर दिया गया है। आरक्षण हो जाने के बाद सही तस्वीर सामने आएगी।

## खबर संक्षेप

### आरक्षण की कार्यवाही 17 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य अधिनियम 1993 छत्तीसगढ़ पंचायत उप सरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन नियम 1995 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अनुशांगिक प्रावधानों के तारतम्य में एतद द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए जिले के जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण के लिए जिला पंचायत बीजापुर के सभागार में 17 दिसम्बर को नियमानुसार कार्यवाही के प्रयोजन हेतु कार्यवाही कलेक्टर बीजापुर द्वारा किया जाएगा।

### मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

**सुकमा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य अभी रखा गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डी सुरेश बाबु ने विश्व मानवाधिकार दिवस से संबंधित ऐतिहासिक एवं संगठनात्मक जानकारी विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सरकार ने विश्व मानवाधिकार दिवस से संबंधित अनुच्छेदों और संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कानून संबंधी जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमें समाज के नागरिकों को मानवाधिकार के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। प्रो. शशिकांत ध्रुवे समाजशास्त्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मानव अधिकारों से परिचित होने के साथ ही मानवाधिकारों का दुरूपयोग एवं हनन करने से बचना होगा। प्रशांत बघेल ने मानवाधिकारों की इतिहास एवं संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शशिकांत धुर्वे एवं आभार प्रदर्शन प्रो. दुष्यंत कुमार ने किया।

# बांग्लादेशी के नाम पर भाजपा केवल मुसलमानों को बेदखल कर रही, हिंदुओं का भी हो सफाया: मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बस्तर में बाहरी लोगों की दखल लगातार बढ़ रही है और ऐसे लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड और स्थानीय निवास प्रमाण पत्र धड़ल्ले से जारी किए जा रहे हैं। जो पांचवी अनुसूची के मूल मंशा के खिलाफ है। बड़े पैमाने पर बाहरी लोगों द्वारा संपत्ति भी खरीदी जा रही है। इन पर बस्तरिया राज मोर्चा आने वाले दिनों में रोक लगाने के लिए आंदोलन करेगा।

खासकर साल 2000 के बाद जिन लोगों ने बस्तर के अलग—अलग जिलों में संपत्ति खरीदी है उनका विरोध किया जाएगा। भाजपा चुनाव के दरमियान बांग्लादेशियों के नाम पर केवल मुसलमानों को टारगेट करती है लेकिन बांग्लादेशी हिंदुओं पर चुप्पी साध लेती है। बस्तर में बीते कुछ सालों में बांग्लादेशी हिंदुओं







की तदाद बढ़ी है। उनका सफाया भी होना चाहिए। उक्त बातें पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कही।

बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैण्ड परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आवासीय विद्यालयों में व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने, स्थानीय भर्ती समेत 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर सुकमा को सौंपा। ज्ञापन में बीआरएम ने मांग की है कि पोटा केबिन आवासीय विद्यालयों में इलाज नहीं होने की वजह से बच्चों की असमय मौत हो रही है। वहीं नाबालिग बालिकाओं का गर्भ धारण करने के मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं।

शैक्षणिक संस्थाएं भ्रष्टाचार का अड्डा बनते जा रही हैं। आवासीय विद्यालयों में व्यवस्था दुरूस्त करने की जरूरत है। वन भूमि और कृषि भूमि पर काबिज ग्रामीणों को पट्टा दिया जाए।

### आदिवासियों को दूसरे राज्यों में रहने को जमीन नहीं मिल रही

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि सुकमा जिले में बांग्लादेशी हिंदुओं की अवैध घुसपैठ हो रही है। ये समस्या बस्तर के हर जिले में है। कांकेर और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्णायक आदिवासी नहीं है बल्कि बंगाली समाज है। अवैध घुसपैठ से भाजपा वालों का वोट बैंक जरूर बढ़ रहा है लेकिन स्थानीय लोगों की कमी भी आ रही है। बस्तरिया राज मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करेगा। सलवा जुडूम के दौरान बस्तर छोड़कर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बसे आदिवासियों को जमीन नहीं मिल रही है। वहां की सरकार उन्हें बेदखल कर रही है। वहीं बस्तर में बाहरी लोगों को आसानी से रहने के लिए जमीन और नौकरी मिल रही है। ओडिशा के मलकानगिरी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

# विधायक ने धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने दरभा ब्लॉक के नेगानार धान उपार्जन केंद्र का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान धान बेचने आए किसानों से रुबरु हो कर धान खरीदी के संबंध में जानकारी लेते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में किसानों को कोई तकलीफ नहीं हो रही है। प्रबंधक से धान खरीदी उठाव, बारदाना को लेकर जानकारी से अवगत कराते हुए समस्या कि जानकारी ली गई। विधायक ने धान बेचने पहुँचे। पंजीकृत किसानों से भी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में पेयजल व्यवस्था, शेड निर्माण, किसान कुटी, शौचालय आदि मांगों को उपस्थित कृषक एवं कर्मचारियों के द्वारा रखी गई। जिस पर विधायक ने कहा कि इस विषय में मंडी बोर्ड से बात कर सभी निर्माण कार्यों को तत्काल कराने का प्रयास किया जाएगा।

साथ ही विधायक ने उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार के धान बेचने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विधायक के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 67वें एनएमडीसी स्थापना दिवस पर संगीत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

गुरूवार को परियोजना में एनएमडीसी लिमिटेड के 67वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में फुटबाल ग्राउंड में भव्य सांस्कृतिक, संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक थे। विशिष्ट अतिथि मंजू साही, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, एसडीएम बचेली चंद्रा, सर्वश्री आर. राजा कुमार, महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत एसके कोचर महाप्रबंधक खनन देवरायलू, अध्यक्ष, राजेश संधु सचिव, एसकेएमएस, विनोद कुमार कश्यप, अध्यक्ष, एके सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू सहित सभी एसोसिएशन के पदाधिकारी व राज्य शासन के अधिकारी उपस्थित थे। सर्वप्रथम संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक ने दीप



प्रज्जवलित किया और सभी गायकों का सम्मान किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। बीके माधव, उप महाप्रबंधक कार्मिक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बॉलीवुड के जाने माने प्लेबेक सिंगर अंकित तिवारी सहित सारेगामापा विजेता और इंडियाज गॉट टैलेंट की उप विजेता सिंगर इशिता विश्वकर्मा तथा इंडियन आइडल फेम ताबिश अली, काव्या डागा ने अपनी मधुर आवाज में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बचेली, नकुलनार, दंतेवाड़ा आदि से लगभग 10 से 15 हजार की भारी संख्या में श्रोताओं ने हिंदी गीतों का लुफ्त उठाया। सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक, सिविल, विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही कार्यक्रम के लिए गठित विभिन्न समितियों का अहम योगदान रहा।

# तसर कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र बस्तर के तत्वावधान में शासकीय रेशम केन्द्र बनियागांव जिला कोण्डागांव में एक दिवसीय तसर कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेणु कश्यप सहायक संचालक रेशम कोण्डागांव एवं अध्यक्षता केन्द्र प्रभारी डॉ. बीटी रेड्डी, वैज्ञानिक सी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई।

केंद्र प्रमुख डॉ. बीटी रेड्डी वैज्ञानिक सी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उपस्थित सभी किसानों का स्वागत करते हुए केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी संक्षिप्त में दिया गया। केन्द्र के ताहिर हुसैन सिद्धीकी द्वारा किसानों को रेशम कीट पालन के दौरान होने वाले दिक्कतों का जिक्र करते हुए बचाव के उपाय सुझाया गया। जिससे कोसा उत्पादन में अधिक लाभ लिया जा सके।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कोण्डागांव क्षेत्र के अधिक से अधिक कृषकों को कीटपालन एवं धागाकरण आदि कार्य करते हुए शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेने का सुझाव




दिए किसानों को कीटपालन के दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली तकनीकी मार्गदर्शन लेकर कोसा उत्पादन में वृद्धि कर अधिक से अधिक लाभ कमाने की सलाह दिए। कार्यक्रम में राज्य रेशम विभाग के रामदेव कुमेटी, केदार पटेल, रमेश बघेल केन्द्रीय रेशम बोर्ड के उर्मिला नाग, टीएच सिद्धीकी, जी गोपाल राव, शंकर लाल सहारे, सीपी पांडे के अलावा 60 से अधिक किसान कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन जी. गोपाल राव द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ओलंपिक बीजापुर के खिलाड़ियों का दबदबा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 13 से 15 दिसम्बर तक आयोजित है। जिसमें जिले के 350 खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

प्रथम दिवस के बैडमिंटन प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन खिलाड़ियों द्वारा किया गया जिसका सार्थक परिणाम देखने को मिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष आयुवर्ग पुरूष सिंगल में साई कुमार एगड़े भोपालपटनम, द्वितीय स्थान पर रहे वहीं महिला (सिंगल) में कुमारी रानु मंडावी भैरमगढ़ को प्रथम स्थान मिला। इसी तरह बालिका डबल्स में बीजापुर के सिमरन खलखो एवं रोशनी कुड़यिम प्रथम स्थान पर रही।

वहीं 17 वर्ष से ऊपर बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरूष सिंगल में अंशुमान शुक्ला बीजापुर प्रथम स्थान वहीं महिला सिंगल में लक्ष्मी मांझी बीजापुर द्वितीय स्थान पर रही एवं



महिला डबल्स में पायल पुनेम और पुष्पलता दीवान द्वितीय स्थान पर रही।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उक्त जानकारी नोडल अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत गीत सिन्हा द्वारा दी गई है।

# भाजपा संगठन चुनाव को लेकर मंडलों की हुई बैठक, दिनेश पहुंचे सुकमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता पार्टी जिला अटल सदन कार्यालय सुकमा में संगठन चुनाव हेतु मंडलवार बैठक किया गया, जिसमें जिला संगठन चुनाव अधिकारी दिनेश कश्यप ने आगामी संगठन चुनाव के संबंध में सुकमा, दोरनापाल, कोंटा, छिंदगढ़, तोंगपाल के पदाघिकारी व कार्यकर्ताओं से चर्चा कर समन्वय स्थापित कर मंडल अध्यक्ष के चुनाव हेतु विमर्श किया।

जिला संगठन चुनाव अधिकारी दिनेश कश्यप भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा की तय समय पर



संगठन द्वारा मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा, बुथ समिति का गठन एवं अन्य तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने भी संगठन चुनाव हेतु रुपरेखा तैयार कर संगठन को और सशक्त कैसे बनाया जाये एवं आगामी नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने बताया की भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमे साधारण कार्यकर्ता भी उच्चतम पद तक पहुंचने की कल्पना कर सकता है, कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार स्तम्भ है न की कोई विशेष परिवार, भाजपा के सक्रीय सदस्य जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और अन्य पदों के लिए दावेदारी कर रहे है जल्द ही नये दायित्वों पर नये ऊर्जा के साथ कार्यकर्ता भाजपा को और अधिक सशक्त बनाकर संगठन का विस्तार करेंगे।

**मिशनरी की टुकड़ी टीम विदेशी चंदे से चर्च निर्माण व प्रलोभन देकर धर्मांतरण में सलिंप्तः तोड़ेम**

# अवैध चर्चों पर चलेगा बुलडोजर आदिवासी समाज बनाएगा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मिशनरी की टुकड़ी टीम विदेशी फंड से ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चों का निर्माण कर आदिवासियों को प्रलोभन देकर धर्मातंरण करा रही है। जल्द ही आदिवासी समाज ऐसे अवैध चर्चों पर बुलडोजर लगाकर तोड़ेगी और मंदिर का निर्माण कराएगी। यह कहना था सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम का जो उन्होंने पत्रवार्ता में कही।

- बस्तर में वर्ष 2021 तक 66 हजार ईसाई अब आकंड़ा हुआ 1 लाख के पार

विहिप के नेताओं ने कहा कि बस्तर के आदिवासी समाज अवैध चर्चों को तोड़कर देवी देवताओं के मंदिर की स्थापना करेगी। कलेक्टर बस्तर के वर्ष 2021 में जारी गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक ईसाईयों की प्रस्तावित जनसंख्या 66 हजार से अधिक आंकलित की गई थी जो वर्तमान में 1 लाख के पार हो चुकी है। यह आंकड़ा बस्तर के जनजातीय समुदाय पर तीव्र प्रहार है जिससे उनके अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। बस्तर में जनजातीय समुदय व धर्मान्तितरत जनजातीय समुदायों के बीच वर्षों से संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। इससे कई दफे जानमाल को क्षति व कानून व्यवस्था की स्थिति




उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी ईसाई मिशनरियों की है। बस्तर में लगभग सभी गावों में अवैध, नजूल, सरकारी तथा आदिवासियों की निजी जमीन में अवैध चर्चों का निर्माण कराया गया है। जबकि इन गावों में ईसाईयों की संख्या शून्य है।

इन चर्चों के माध्यम से भोले आदिवासियों बाहरी पास्टर ग्रामीण समुदाय को एकत्रित कर जादू टोना आदि के माध्यम से अवैध धर्मातरण का प्रयास करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण किए गए अवैध चर्च इस पूरे षड़यंत्र का केन्द्र बिन्दु है जो धीरे धीरे जनतातीय परम्परा को समाप्त कर रहा है। ऐसी स्थिति में अवैध चर्चो को तत्काल हटाना बस्तर की संस्कृति की रक्षा के लिए आवश्यक है। विश्व हिन्दू परिषद ने सभी जनजातीय समुदाय से अपी करते हुए कहा कि ईसाई मिशनरियों के झासें में न आए अन्यथा भविष्य में जनजातीय समुदाय को सरकारी लाभ व आरक्षण आदि से वचिंत होना पड़ेगा जिसके लिए विश्व हिन्दू परिषद व सर्व आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पत्रवार्ता के दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम, विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप, विहिप जिला अध्यक्ष हरि साहू, जिला मंत्री अमन साहू व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### केन्द्रीय पुस्तकालय में निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**बीजापुर।** केन्द्रीय पुस्तकालय बीजापुर में 23 दिसम्बर 2024 से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू होगा। इसमें प्रशिक्षण सहित कोर्स मटेरियल यूनिफार्म निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रति दिवस 10 से शाम 4 बजे तक 6 घंटे की प्रशिक्षण निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला कौशल विकास विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोक्षी ने दी कला उत्सव में ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कला उत्सव में मोक्षी पाण्डेय ने एकल नृत्य के तहत ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति दी। मोक्षी ने बस्तर जिले में जिला स्तरीय में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय में चयन हुई थी, उसने अपने नृत्य से उन्होंने सभी का मन मोह लिया। राज्य स्तरीय कला उत्सव में चयन होने पर शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती मनीषा खत्री ने मोक्षी को शुभकामनाएं दी। उनके मार्गदर्शन में मोक्षी ने रायपुर राज्य स्तरीय में अपनी प्रस्तुति दी। मोक्षी कथक नृत्य के साथ-साथ ओड़िसी नृत्य में भी अपनी प्रस्तुतियां समय-समय पर दे रही हैं।

### गीता जयंती पर सतनामी समाज को भेंट किया भगवद् गीता



**जगदलपुर।** जगदलपुर। सर्व हिन्दू समाज के सचिव एल. ईश्वर राव ने गीता जयंती के पावन अवसर पर सतनामी समाज प्रमुखों से मिलकर भगवद् गीता भेंट किया। इस अवसर पर राव ने बताया कि गीता जयंती भगवद् गीता के उपदेश की स्मृति में मनाई जाती है, जो महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिए थे। मानव जीवन उत्कर्ष निमित्त भगवद् गीता का नियमित अध्ययन व चिन्तन-मनन करना चाहिए। इस दौरान विहिप के रवि ब्रह्मचारी, सतनामी समाज अध्यक्ष संतु बांधे, उपाध्यक्ष लाला लहरी, सचिव दिनेश बंजारे, उत्कल करण समाज अध्यक्ष सुनील दास, निर्मल यादव, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, बबला यादव मौजूद रहे।

### निगम कर्मी तीसरे दिन भी हड़ताल पर



**जगदलपुर।** नवयुक्त अधिकारी, कर्मचारी संघ नगरपालिक निगम जगदलपुर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसमें 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी शहर के कृषि उपज मंडी के पुराने परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

## विसंगतियां : सड़क के गड्ढे से दुर्घटना की आशंका, फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं

# ठेकेदार ने समतलीकरण के नाम पर मुरुम निकालने सड़क में 8 फीट खोद दिया गड्ढा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- जिम्मेदार अधिकारियों ने साध लिया मौन, नहीं हुई आज तक कोई कार्रवाई

मेसर्स हिलब्रो मेटेलिक्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ ने कच्चे से अंतागढ़ की सड़क बनाने के लिए के पेवारी के ग्रामीण नारद पिता नरसिंह से खेत को समतलीकरण के नाम पर खनिज विभाग से परमीशन लिया, परंतु ठेकेदार ने मनमानी करते हुए समतलीकरण के नाम पर 8 फीट गड्ढा को खोद दिया। जिम्मेदार विभाग के द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। यह 8 फीट का गड्ढा आने वाले समय में किसी के लिए घातक साबित हो सकता है।

जानकारी के अनुसार मेसर्स हिलब्रो मेटेलिक्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ का स्टाप पेवारी के ग्रामीण नारद पिता नरसिंह से मुरूम निकालने के लिए बात किया, उसके अनुसार खेत को समतलीकरण करने के लिए कहा गया था और समतलीकरण के लिए आदेश खनिज विभाग से भी जारी हुआ। ठेकेदार ने नियमों को धज्जियां उड़ाते हुए समतलीकरण के नाम पर लगभग 2 एकड़ के आसपास की भूमि पर लगभग 8 फीट तक के गहरे गड्ढे कर दिए गए है, जिसे देखकर तो तालाब जैसा गहरीकरण का कार्य लग रहा है। ठेकेदार के द्वारा समतलीकरण का कार्य नही बल्कि मुरूम खनन करना मुख्य उद्देश्य था। समतलीकरण के नाम पर कई पुराने हरे भरे पेड़ो को जड़ के साथ धराशाही कर दिया, जिसकी सुध लेने वाला कोई अधिकारी नही है। आश्चर्य की बात यह है कि यह कार्य किसी दूर दराज के क्षेत्र में नही बल्कि अंतागढ़ मेन रोड पर इस तरह का कार्य किया जा रहा है। इस मार्ग से एसडीएम, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और इस निर्माण कार्य के सब इंजीनियर और खनिज विभाग के अमले ने देखा है, परंतु आज तक किसी के द्वार कोई कार्यवाही नहीं किया गया है।





### लोक निर्माण विभाग ने साधा मौन

*सड़क निर्माण का ठेका देने वाले विभाग लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और सब इंजीनियर सड़क बनने के दौरान इस गड्ढो को कई बार देखा होगा। इन सभी अधिकारियों को मालूम है कि इस तरह के गड्ढे करना गैर कानूनी है, परंतु इनके द्वारा भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया और न ही कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को किसी तरह का पत्र लिखा। नियमों का उल्लंघन करके काम करने वालों को रोकने की जिम्मेदारी हर विभाग की बनती है, मौन साध लेने के तात्पर्य यही है कि सांठगांठ करने के चलते कोई कार्यवाही के लिए पहल नहीं किया गया।*

### मुरुम निकालने का परमिशन मिला है

मेसर्स हिलब्रो मेटेलिक्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ के सुपरवाईजर विश्वकर्मा से इस विषय पर बात किया तो उसका कहना था कि हमारी कंपनी के द्वारा मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है और इसका उपयोग कच्चे से अंतागढ़ बनाने की सड़क में किया गया है। हमारे पास मुरूम खोदने की खनिज विभाग से परमीशन मिला हुआ है।

### तहसीलदार ने पल्ला झाड़ दिया

भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा से जानकारी लेने पर उनका जवाब था कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। आदेश खनिज विभाग द्वारा दिया गया है उनके द्वारा ही इस पर कार्यवाही की जा सकती है। इनके क्षेत्र में नियमों को तोड़कर गड्ढा हो रहा है और तहसीलदार का यह जवाब टालमटोल जैसा लग रहा है।

### खनिज विभाग से नहीं हुआ संपर्क

खनिज विभाग के अधिकारी के मोबाईल पर इस विषय पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु कई बार उनका मोबाईल आउट आफ लोकेशन बताया वहीं कई बार घंटी बजने के बाद भी रिसीव नहीं हुआ, जिससे खनिज विभाग की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित खदरवाही ने माकड़ी को हराकर जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील सरोना में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें 40 टीमों ने भाग लिया। अंतिम दिन खदरवाही और माकड़ी के बीच फायनल मुकाबला खेला गया इस कांटे के मुकाबले में खदरवाही ने खिताब अपने नाम किया।

आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के कई गाँव के लोग पहुँचे थे और स्थानीय खेल के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला। अंतिम दिन फायनल मैच खदरवाही और माकड़ी के बीच खेला गया, जिसमें खदरवाही विजेता रही। विजेता टीम को पूर्व विधायक स्व. आत्माराम ध्रुवा ने नाती एन विक्रांत ध्रुवा और ग्रामीणों के हाथों से नगद 15 हजार रूपएं से पुरस्कृत किया, जबकि माकड़ी सिंगराय दूसरे स्थान के लिए नगद 10 हजार रूपएं भावेश वट्टी प्रथम श्रेणी न्यायधीश के पिता स्व. रामचरण वट्टी और बड़े भाई स्व. दिलीप वट्टी के स्मृति में हिमांशु ध्रुवा और ग्रामीणों के हाथों से सम्मानित किया गया। इस इस प्रतियोगिता में मुसुरपुट्टा और कोटलभट्टी तीसरे व चौथे स्थान पर रही, जिसमें क्रमशः 5 हजार और 2500 रूपये देकर सम्मनित किया गया । इस प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर का खिताब साहिल जैन माकड़ी टीम के खिलाड़ी को दिया गया। कैलाश नेताम और आयोजन समिति के नेतृत्व में मैराथन दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ के खेल में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पुरस्कार समारोह में ग्राम के बुजुर्ग सियान शिवचरण जुर्री, सरपंच सुमित्रा वट्टी, दयाबती बघेल, सूरज कोर्राम सरोना सरपंच, जीवन नेताम, राजेंद्र मांडवी आयोजन समिति संरक्षक राजकुमार कश्यप आयोजन समिति के अध्यक्ष, अनिल मण्डावी उपाध्यक्ष, वीरेंद्र जैन कोषाध्यक्ष , सुरेश निषाद सचिव, गंगाराम शोरी, अमर सिंह कुमेटी, देवचंद कोडोपी, ललित बघेल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार किसानों का कर रही शोषण : जतिन

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता जतिन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार धान नहीं खरीदने का कूटरचना रच रही है, यह विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से न्यूनतम धान खरीदी करना चाहती है यह उनके साथ कुठाराघात होगा जिसके लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मापदण्ड के अनुरूप 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक का समय सिमा निर्धारित किया गया है। सरकारी अवकाश की छुट्टियों के बाद को घटाकर कुल लगभग 40-50 दिनों में लक्ष्य की पूर्ति असम्भव होगी। राज्य सरकार से सोसाईटियों को मापदण्ड के अनुरूप धान खरीदी करने हेतु निर्देशित किया गया है ऐसे में राज्य के किसानों को गम्भीर समस्या से जूझना पड़ेगा। जतिन ने कहा कि साय सरकार किसानों के धान की आपूर्ति पूरी तरह नही कर पायेगी तो किसान अपने धान को लेकर दर-दर भटकता फिरेगा यह किसानों के साथ बहुत बड़ी विडंबना होगी है। राज्य सरकार इस ज्वलन्त व गम्भीर समस्या को संज्ञान में ले जिससे किसानों को राहत मिले। उन्होंने कहा कि 3100 रू प्रति क्विंटल का सपना दिखाकर 2300 रू प्रति क्विंटल की लागत से भुगतान किसानों के साथ धोखा है। सोसाईटियों में बारदाने की कमी व अव्यवस्थाओं सहित अन्य विसंगतियों का सामना कर किसान लाचार,मजबूर और परेशान है। साय सरकार अपने नई नीति में अतिशीघ्र संसोधन कर किसानों को राहत पहुचाएं जिससे उनके धान की शत प्रतिशत उठाव हो सके।

## विधायक ने नयापारा दुर्गा मंदिर में टिन शेड निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर के दुर्गा मंदिर नयापारा में मंदिर प्रांगण में 5 लाख की लागत से टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन विधायक सावित्री मंडावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधायक ने मंदिर में बर्तन के लिए 25 हजार देने की घोषणा किया।

टीन शेड का लोकार्पण करते हुए विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक स्व. मनोज मंडावी सदैव धार्मिक कार्यक्रम में आगे रहते थे और मंदिरों जाते थे। पार्षद पंकज वाधवानी भी विकास के लिए हमेशा करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने नगर के विकास के लिए कोरोना काल के बाद ढाई साल में कार्य किया। उप चुनाव में 8 माह काम कर पाए। इसके विधानसभा, लोकसभा चुनाव आया। चुनाव में समय निकल गया और हमारे पास चार साल है । क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। यहां के बच्चे एसआई, आर्मी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बने है। खेल के क्षेत्र में भानुप्रतापपुर अपना नाम आगे आए, वहीं नयापारा के अनिमेष दास उप निरीक्षक पुलिस, कैरियर पॉल आर्मी में और तनुजा बेलसरिया जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बनने पर उनके पिता हेमलाल बेलसरिया को मोमेंटो श्रीफल व शाल से सम्मानित किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि स्व. मनोज मंडावी के द्वारा घोषणा किया गया था, जिसे वर्तमान विधायक सावित्री मंडावी भूमिपूजन कर रहे है। यह मंदिर उनकी याद भी दिलाता है। माता की कृपा से हमें ताकत मिलता है। वर्तमान विधायक सावित्री मंडावी घोषणा को पूरी किया है। पार्षद पंकज के कहने पर सीसी सड़क बनाया गया। डामरीकरण के लिए राशि स्वीकृत कराएं थे। पेंडिंग होने से नए सरकार ने वापिस ले लिया था, अब 12 लाख की स्वीकृति फिर मिली है, यहां सीसी सड़क बनेगा। नयापारा दुर्गा मंदिर में कोई राजनीतिक नहीं होता है, यह सब एक साथ मिलकर काम करते है। पार्षद पंकज वाधवानी ने कहा वार्ड का तेजी से विकास हुआ है। माता का आशीर्वाद है, आगे भी विकास कार्य करेंगें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा इस मंदिर पर आस्था जुड़ी है। इसमें शेड बनेगा और सुविधा मिलेगी। इ

स अवसर पर रघुराज ठाकुर, नमन जैन, किरण डोंगरे, गोपाल राठी, दाऊलाल साहू, मोहन मंडावी, अविनाश श्रीवास्तव, अवध जैन, अशोक ठाकुर, ममता मिश्रा, सुजाता पाढ़ी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### शासकीय भवन का निर्माण अधर, लोगों है परेशान

**कापसी ।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत विवेकानंद नगर पीवी 5 में शासकीय निर्माण कार्य अधर में पड़ा हुआ है। निर्माण एजेंसी के द्वारा सही समय पर नहीं बनाए जाने के कारण भवन का उपयोग नहीं हो पाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भवन निर्माण किया जा रहा, परंतु क्यूरिंग नहीं किए जाने से निर्माणधीन भवन की मजबूती प्रभावित होगी। जिम्मेदार अमला इस ओर ध्यान नहीं देने से शासन के पैसे की बरबादी के अलावा कुछ भी नहीं है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## यंग प्रोफेशनल अधिकारी को पदाधिकारियों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पेड़ावारी के प्रगति महिला क्लस्टर द्वारा तरहूल में यंग प्रोफेशनल को सम्मानित कर विदाई दिया गया। जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में बिहान के तहत यंग प्रोफेशनल के पद पर भारती साहू ने 5 वर्षों तक कार्य किया। कार्यकाल पूरा होने पर क्लस्टर के कार्यकर्ता, पीआरपी, एफएलसीआरपी, आरबीके, कृषि सखी, पशु सखी सहित ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं क्लस्टर के कार्यकर्ताओ द्वारा ससम्मान विदाई दिया गया। उन्होने कहा कि मैंने 5 वर्षों तक महिला क्लस्टर के बीच कार्य किया है, जिसमें मैंने भी समूह से कुछ सीखा है और समूह व क्लस्टर के महिलाओं को कुछ सिखाया है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को हमेशा याद करती करुंगी। इस अवसर पर पीआरपी निर्मला निषाद ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का एक प्रकार से गुरु बनकर पेड़ावारी क्लस्टर को ब्लाक में हमेशा आगे रखने का श्रेय दिया है।



### कृषक पाठशाला में फसल बोआई विधि पर की चर्चा

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम दियागांव में कृषक रामदयाल गोटा के यहां आत्मा योजनांतर्गत कृषक पाठशाला फसल मक्का किस्म डीकेसी 9165 में आयोजन किया गया। पाठशाला में कृषक बंधुओं को मक्का फसल का बीजोपचार एवं उनसे होने वाले लाभ एवं फसल की बुआई विधि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। तत्पश्चात बुवाई कार्य कतार विधि से करवाया गया, जिसमें आरपी 60.20 सीएम रखा गया। पाठशाला में बलवंत बघेल असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर, कृषक मित्र एवं बंधुगण उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने किया पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ तथा विभागाध्यक्ष डॉ. आशीषधर दीवान और सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमलता मिंज की देखरेख में जिला पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बस्तर के प्राचीन इतिहास, विरासत और स्थानीय लोककला से अवगत कराना था। इस संग्रहालय में गामावाड़ा, दंतेवाड़ा से प्राप्त 4000 हजार वर्ष पुराना मेगालिथिक पुरास्थल के छायाचित्र, 5 वीं शताब्दी ई. से लेकर 14 वीं शताब्दी ई. तक की मूर्तियों को बस्तर जिला के अलग-अलग पुरातात्विक स्थलों से संग्रहित किया गया है।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## बच्चों को समझाइश दी, बताए खून की कमी से होने वाले रोग व उसके बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हाथों की साफ-सफाई के लिए बच्चों को बताए प्रचलित पद्धति





विफ्स कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत के उद्देश्य को लेकर स्कूलों में अभियारन चलाए जा रहे हैं। एनीमिया दूर करने वाले गोली (आयरन फोलिक एसिड गोली) का वितरण की जांच करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के साथ गुरूवार को शहर के कन्या क्रमांक 2 हाईस्कूल पहुंचे। स्कूल में खून की कमी से होने वाले रोग एवं उसके बचाव के लिए आयरन फोलिक एसिड गोली का महत्व बताते हुए इसके साप्ताहिक सेवन की विधि के बारे में जानकारी दी गई। एनीमिया से मानसिक, बौद्धिक विकास और बच्चों के पढ़ाई में पढ़ने वाले असर के बारे में बताया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के डिवीजनल कोऑर्डिनेटर चंद्रजीत राणा और अभिलेंद्र त्रिवेदी स्टेट हेड शामिल रहे। इसके पश्चात टीम द्वारा जैतगिरी माध्यमिक, हाई स्कूल, फारसीगांव, माध्यमिक, हाई स्कूल और बकावंड के माध्यमिक, हाई स्कूल का दौरा किया गया। वहां हाथों की साफ-सफाई के लिए करने के बारे में प्रचलित पद्धति सुमन के बारे में बच्चों को बताया। साथ ही सप्ताह में एक दिन मंगलवार या शुक्रवार को प्रत्येक स्कूल के विफ्स के लिए निर्धारित नोडल शिक्षक को साप्ताहिक गोली को बच्चों को देने के लिए बताया गया। मीडिया अधिकारी शकील खान ने उक्त जानकारी दी। छत्तीसगढ़ शासन की योजना साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर क्षेत्र में स्कूली बच्चों के बीच एनीमिया को दूर करने हेतु यह कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)